

# ज़रा सिर खुजलाइए


पिछली बार आपसे सवाल पूछा था कि 6 माचिस की तीलियों से आपको 4 संगत (एकरूप) समबाहु त्रिभुज बनाने हैं। साथ ही शर्त यह भी थी कि तीलियों को तोड़ना-मोड़ना नहीं है।

इस सवाल के हमारे पास कुछ सही जवाब आए हैं, उनमें से दो जवाब यहां दे रहे हैं। इनके अलावा और भी तरीके हैं जिन पर आप विचार कर सकते हैं।





***सही जवाब भेजने वाले हैं:*** *मीना लदोईयां, हनुमानगढ़ राजस्थान; राघव बावा, हांसी हारयाणा; पीटर भूरिया, मंदसौर म.प्र.; टीकाराम पटेल, जांजगीर छ.ग.।*



## इस बार का सवाल

यहां बाईं ओर 20 स्थिर बिन्दुओं की जमावट को देखिए। आपको दो काम करने हैं। पहला, इन बिन्दुओं से अलग-अलग आकार के बनने वाले वर्गों को गिनना है और उनकी संख्या बतानी है। दूसरा, इन 20 बिन्दुओं में से किन्हीं 6 बिन्दुओं को इस तरह मिटाना है कि किसी भी आकार का वर्ग न बने। यदि सवाल कठिन लग रहा हो तो आप वर्ग गिनकर उनकी संख्या भी बता सकते हैं। अपने जवाब जल्द हमारे पास भेजिए।